## डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा- जुलाई- 2014

**अभ्यासक्रमः** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाठ्यक्रमः** आधुनिक हिन्दी काव्य **(MHD-02)** Numerical Code : 0223

**तारीख :** 21 **/07/2014**

**समय :** **11.00 to 02.00**

**सूचना** १. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **कुल अंक 70**

२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं।

---

प्रश्नः-१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

अ) "प्रिय, मुद्रित दृग खोलो। (७)
गत स्वप्न-निशा का तिमिर जाल
नव किरणों से धो लो।
जीवन-प्रसून वह वृंतहीन
खुल गया उषा नभ में नवीन"।

ब) "यात्री हूँ अति दूर देश का, पलभर यहाँ ठहर जाऊँ, (७)
थका हुआ हूँ, सुंदरता के साथ बैठ मन बहलाऊँ,
'एक घूँट बस और' हाय रे, ममता छोड़ चलूँ कैसे ?
दूर देश जाना है, लेकिंन, यह सुख रोज कहाँ पाऊँ ?

अथवा

अ) "उठता सुख से सिहर मरुस्थल
मेरे उर का - दो कण पाकर
उस सुषमा की छाँह निमिष का
जिसमें अस्फुट-सा आशा का स्वर।"

ब) "अपने दुःख में स्वयं अपरिचित लोग
नहीं जानते हैं वे,
झगड़ रहे हैं अथवा पीड़ा में चीत्कार रहे हैं।
औरों को निष्कासन नही दे रहे हैं वे
अपने दुख से भाग रहे हैं।
कोई सुखी नहीं हैं"।

प्रश्नः-२ राष्ट्रीय नवजागरण के संदर्भ में मैथिलीशरण गुप्त के काव्य का मूल्यांकन कीजिए। (१४)

अथवा

निराला के काव्य की आलोचना के प्रचलित आधारों की चर्चा कीजिए ।

प्रश्नः-३ राष्ट्रीय चेतना की अभिव्यक्ति दिनकर के काव्य में किस रूप में हुई है विवेचना कीजिए । (१४)

अथवा

राजनीतिक चेतना के संदर्भ में धूमिल की कविताओं का मूल्यांकन कीजिए ।

प्रश्नः-४ दीर्घ कविता के रूप में 'असाध्य वीणा' का मूल्यांकन कीजिए । (१४)

अथवा

श्रीकान्तवर्मा के काव्य में व्यक्त राजनीतिक दृष्टि का विश्लेषण कीजिए ।

प्रश्नः-५ निम्न लिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए ; (१५)

१. मैथिलीशरण गुप्त की काव्यभाषा ।
२. निराला के काव्य में प्रयोगशीलता ।
३. दिनकर के काव्य में व्यक्त प्रेमभावना ।
४. धूमिल की कविता में चित्रित ग्राम्यबोध ।
५. उर्दू कविता (ग़ज़ल) और शमशेर ।
६. रघुवीर सहाय की काव्यभाषा में लय ।

--------------------------------

**डो.बाबासाहेब अबेडकर ओपन युनिवर्सिटी**
**सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014**

**अभ्यासक्रम :** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037
**नोंधणी नंबर :** ________________

**पाद्यक्रम :** उपन्यास एवंम कहानी **(MHD-03)** Numerical Code : 0224
**तारीख : 22/07/2014**
**समय : 11.00 to 02.00**
**सूचना** १. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक : 70**
२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।

---

प्रश्न- १

अ) 'गोदान' भारतीय किसान की एक सफल महागाथा है – समीक्षा कीजिए । (७)

ब) 'धरती धन न अपना' के काली का चरित्र-चित्रण कीजिए । (६)

अथवा

अ) 'सूखा बरगद' मध्यवर्गीय मुस्लिम समाज की मानसिकता को उजागर करनेवाला एक सफल उपन्यास है समझाइए ।

ब) 'मैला ऑचल' एक सफल आंचलिक उपन्यास है समीक्षा कीजिए ।

प्रश्न- २

अ) 'बाणभट्ट की आत्मकथा' नारी चेतना की सफल अभिव्यक्ति है समझाइए । (७)

ब) 'गोदान' का होरी समझौतावादी चरित्र है होरी के चरित्र के आधार पर इस विधान को स्पष्ट कीजिए । (७)

अथवा

अ) 'धरती धन न अपना' में अंकित दलित जीवन के विभिन्न पहलू की चर्चा कीजिए ।

ब) आंचलिक उपन्यास परंपरा में 'मैला आंचल' का स्थान निर्धारित कीजिए ।

प्रश्न- ३

अ) 'ठाकुर का कुआँ' में स्त्री के वर्गगत और जातिगत शोषण का चित्रण है समीक्षा कीजिए । (७)

ब) 'पुरस्कार' कहानी में राष्ट्रीय भावना एवं व्यक्ति चेतना का सामंजस्य है समझाईए । (७)

अथवा

अ) 'पिता' कहानी पारिवारिक संबंधों के बदलते स्वरूप को उजागर करता है चर्चा कीजिए ।

ब) 'तिरिछ' कहानी के माध्यम से शहरी आधुनिकता में लुप्त होती मानवीय संवेदना पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न-४

अ) 'चीफ की दावत' के रामनाथ का चरित्र चित्रण कीजिए । (७)

ब) 'भोलाराम का जीव' भ्रष्ट नौकरशाही की चरम परम्परा का पर्दाफाश करती है समीक्षा करें । (७)

अथवा

अ) 'एक दिन का महेमान' स्त्री-पुरुष संबंधों में पड़ती दरार की सफल अभिव्यक्ति है समझाइए ।

ब) 'सिक्का बदल गया' कहानी में चित्रित साम्प्रदायिकता की विभीषिका को उजागर कीजिए ।

प्रश्नः-५ किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए ; (१५)

१. 'यह अंत नहीं' में चित्रित दलित स्त्री अस्मिता संघर्ष ।
२. मन्नु भंडारी का नारीवादी दृष्टिकोण ।
३. 'बाणभट्ट की आत्मकथा' की संवाद-योजना ।
४. 'सूखा बरगद' एकांकी का उद्देश्य ।
५. 'रोज' कहानी की मालती ।
६. 'पाजेब' कहानी में चित्रित मध्यवर्गीय मानसिकता ।

---

**डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी**
**सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014**

| | | |
|---|---|---|
| **अभ्यासक्रम** | अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** | Numerical Code MHD : 0037 |
| | | नोंधणी नंबर : ________________ |
| **पाठ्यक्रम** | नाटक और अन्य गद्य विधायें । **(MHD-04)** | Numerical Code: 0225 |
| **तारीख** | **23/07/2014** | |
| **समय** | **11.00 to 02.00** | |
| **सूचना** | १. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । | **कुल अंक: 70** |
| | २. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं । | |

---

प्रश्नः-१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए ।

अ) ''भीतर स्वाहा बाहर सादे, राज करहिं अमले अरु प्यादे । (६)
अन्धाधुन्ध मच्चौ सब देसा, मानहूँ राजा रहत विदेसा ।।

ब) ''तुम्हारे लिये जीने का मतलब रहा है कितना कुछ एक साथ (७)
होकर, कितना कुछ एक साथ पाकर और कितना कुछ एकसाथ
ओचकर जीना'' ।

अथवा

अ) ''हम अकेले और बेसरो सामान इस संसार में आये । हम सवालात उठाते हैं और ये सवाल ही मनुष्य के जीवन के सौन्दर्य को काट देते हैं, और हम मृत्यु को निरूत्तर कर देते हैं । हमारा संगमरमर-सा सुंदर जीवन घायल और खून से लथपथ हो जाता हैं ।''

ब) ''व्यापार नीति राजनीति का प्रधान अंग हो गई । बड़े-बड़े राज्य माल की बिक्री के लिए लड़नेवाले सौदागर हो गए । अब सदा एक देश दूसरे देशों पर चुपचाप दबे पाँव थन हरण करने की तक में लगा रहता है ।''

प्रश्नः-२

अ) एक सफल प्रहसन के रूप में 'अंधेर नगरी' का मूल्यांकन कीजिए । (७)

ब) 'स्कंदगुप्त' में इतिहास एवं कल्पना का सुभग समन्वय किया गया है समीक्षा कीजिए । (७)

अथवा

अ) हिन्दी नाटच परंपरा में 'आधे-अधूरे' का स्थान निर्धारित कीजिए ।

ब)	'अंधायुग' पर अस्तित्ववादी जीवनदर्शन के प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए ।

प्रश्न:३

अ)	असंगत नाटक के रूप में 'ताँबे के कीड़े' का मूल्यांकन कीजिए ।	(७)

ब)	नुक्कड़ नाट्य परंपरा में 'औरत' का स्थान निर्धारित कीजिए ।	(७)

अथवा

अ)	'घोखा' निबन्ध की अंतर्वस्तु पर प्रकाश डालिए ।

ब)	ललित निबन्ध के रूप में 'कुटज' का मूल्यांकन कीजिए ।

प्रश्न:४

अ)	रेखाचित्र के रूप में 'ठकुरीबाबा' का मुल्यांकन कीजिए ।	(७)

ब)	संस्मरण लेखन परंपरा में 'वसंत का अग्रदूत' का स्थान निर्धारित कीजिए ।	(७)

अथवा

अ)	आत्मकथा की विशेषताओं के संदर्भ में 'क्या भूलूँ क्या याद करू' का मूल्यांकन कीजिए ।

ब)	एक साहित्यिक विधा के रूप में साक्षात्कार के महत्त्व और प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न-५ निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए ।	(१५)

१. अंधेर नगरी में व्यक्त यथार्थ ।
२. 'स्कंदगुप्त' की दृश्य योजना ।
३. 'आधे अधूरे' की नाट्य संरचना ।
४. 'ताँबे के कीड़े' की भाषिक संरचना ।
५. 'लोभ और प्रीति' का वैचारिक पक्ष ।
६. 'संस्कृति और जातियता ' में सामन्तवाद और अर्थव्यवस्था ।

-------------------------------

# डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014

**अभ्यासक्रम:** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाद्यक्रम:** साहित्य सिद्धांत और समालोचना **(MHD-05)** Numerical Code : 0226

**तारीख:** **28/07/2014**

**समय:** **11.00 to 02.00**

**सूचना:** १. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक: 70**

२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।

---

प्रश्न:-१

अ) संस्कृत आचार्यों के काव्य प्रयोजन संबंधी मतों का निरूपण कीजिए । (६)

ब) शुक्लोत्तर हिन्दी आलोचना के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालिए । (७)

अथवा

अ) व्यंजना शब्द-शक्ति का परिचय देते हुए उसके भेदोपभेदों की चर्चा कीजिए ।

ब) आचार्य शुक्ल पूर्व हिन्दी आलोचना पर विचार कीजिए ।

प्रश्न:२

अ) अलंकार-सिद्धांत का परिचय देते हुए काव्य में अलंकार की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए । (७)

ब) 'रस' का स्वरुप स्पष्ट करते हुए 'करुण रस' के आस्वाद पर विचार कीजिए । (७)

अथवा

अ) अभिनव गुप्त के 'रस-निष्पत्ति' संबंधी चिंतन पर प्रकाश डालिए ।

ब) आनंदवर्धन द्वारा प्रवर्तित 'ध्वनि-संप्रदाय' की प्रमुख स्थापनाओं पर प्रकाश डालते हुए रस-ध्वनि, वस्तु- ध्वनि और अलंकार- ध्वनि के विषय में समझाइए ।

प्रश्न:३

अ) मैथ्यू आर्नल्ड की काव्य संबंधी मान्यताओं पर प्रकाश डालिए । (७)

ब) 'विरेचन' से अरस्तू का क्या तात्पर्य है यह समझाते हुए उससे संबंधित विभिन्न व्याख्याओं पर प्रकाश डालिए । (७)

अथवा

अ) कालरिज के कल्पना - सिद्धांत का विवेचन कीजिए ।

ब) अनुकरण के विषय में प्लेटो और अरस्तू की मान्यताओं का अंतर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न:४

अ) क्रोंचे के अभिव्यंजना सिद्धांत का परिचय देते हुए अभिव्यंजनावाद और वक्रोक्तिवाद के साम्य-वैषम्य की चर्चा कीजिए । (७)

ब) अस्तित्ववाद की मूल अवधारणा पर विचार करते हुए ज्यों पाल सार्त्र के अस्तित्ववादी चिंतन पर प्रकाश डालिए । (७)

अथवा

अ) आई. ए. रिचर्ड्स के मूल्य सिद्धांत की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।

ब) स्वच्छंदतावाद का इतिहास संक्षेप में आलेखित करते हुए उसकी प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न:५ निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर टिप्पणियाँ लिखिए : (१५)

१. प्रबंध काव्य ।
२. प्रकरण वक्रता ।
३. काव्य हेतु ।
४. यथार्थवाद ।
५. सिग्मंड फ्रायड ।
६. रूपवादी आलोचना ।

--------------------------------

# डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014

**अभ्यासक्रम:** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाठ्यक्रम:** हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास **(MHD-06)**

Numerical Code: 0227

**तारीख:** **24/07/2014**

**समय:** **11.00 to 02.00**

**सूचना:** १. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक: 70**

२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।

---

प्रश्न:-१

अ) काल विभाजन की समस्याओं पर प्रकाश डालिए । (७)

ब) हिन्दी साहित्य में प्रचलित काल विभाग पर प्रकाश डालते हुए आदिकाल के नामकरण की सार्थकता सिद्ध कीजिए । (६)

अथवा

अ) भक्तिकाल की आर्थिक एवं सामाजिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालिए ।

ब) संतकाव्य की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए ।

प्रश्न:२

अ) रीतिकालीन कविता दरबारी काव्य परंपरा का प्रतिनिधित्व करती हैं स्पष्ट कीजिए । (७)

ब) रीतिकालीन कविता की विभिन्न प्रवृत्तियों का आधार क्या था ? विवेचन कीजिए । (७)

अथवा

अ) आधुनिककाल के विभिन्न समाज सुधार आंदोलनों पर प्रकाश डालिए ।

ब) 'छायावाद' की प्रमुख प्रवृतियों की सोदाहरण चर्चा कीजिए ।

प्रश्न:३

अ) 'उत्तर छायावादी' कविता की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । (७)

ब) 'प्रयोगवाद' की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए । (७)

अथवा

अ) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी नाट्य परंपरा में मोहन राकेश के योगदान पर प्रकाश डालिए ।

ब) स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी आलोचना पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्नः४

| | | |
|---|---|---|
| अ) | संसार के भाषा परिवारों का परिचय दीजिए । | (७) |
| ब) | भारतीय आर्यभाषाओं के विकास का परिचय दीजिए । | (७) |

अथवा

अ) हिन्दी साहित्य की प्रमुख साहित्यिक बोलियों का परिचय दीजिए ।

ब) भारतीय संविधान में हिन्दी का स्थान निर्धारित कीजिए ।

प्रश्नः५ किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । (१५)

१. आदिकाल का स्वरूप एवं महत्त्व ।

२. रामकाव्य में लोकमंगल की भावना ।

३. घनानंद ।

४. पुनरूत्थानवाद की अवधारणा ।

५. समकालीन कविता में आधुनिकता का अर्थ-संदर्भ ।

६. हिन्दी में मानकीकरण की आवश्यकता ।

--------------------------------

**डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी**
**सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014**

**अभ्यासक्रम:** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाद्यक्रम:** भाषा विज्ञान और हिन्दी भाषा **(MHD-07)** Numerical Code : 0228

**तारीख:** **25/07/2014**

**समय:** **03.00 to 04.30**

**सूचना:** १. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
२. दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दर्शाए गए है ।

**कुल अंक: 35**

---

प्रश्न:१ भाषा वैविध्य की संकल्पना का हिन्दी के संदर्भ में विवेचन कीजिए । (१०)

अथवा

कोश निर्माण की प्रक्रिया पर प्रकाश डालिए ।

प्रश्न:२ वाक्य विश्लेषण के स्तरों की व्याख्या कीजिए । (१०)

अथवा

हिन्दी स्वनिमिक व्यवस्था की प्रमुख समस्याओं की चर्चा कीजिए ।

प्रश्न:३ किन्हीं तीन पर टिप्पणी लिखिए ; (१५)

१. अनुवाद की प्रक्रिया ।
२. पर्यापता ।
३. हिन्दी : राष्ट्रभाषा ।
४. संप्रेषण का समाजिक पक्ष ।
५. समास ।
६. भाषा और बोली का संबंध ।

--------------------------------

## डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा-जुलाई-2014

**अभ्यासक्रम:** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाद्यक्रम:** हिन्दी काव्य-२(आदि काव्य,भक्ति काव्य एवं रीति काव्य)**(MHD-01)**

**तारीख:** **25/07/2014** Numerical Code : 0222

**समय:** **11.00 to 12.30**

**सूचना:** १. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक: 35**

२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।

---

प्रश्न:१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (७)

'म्हारां री गिरधर गोपाल, दूसराँ णाँ कूयां ।
दूसरां णा कूयां साधां सकल लोक जूयाँ ।
माया छंड़िया अन्ध छड़ियां छड़ियां सगों सूयां ।
सीधा ढिंग बैठ बैठ, लोक लाज खूयां' ॥

प्रश्न:२ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (७)

"मेरी भवबाधा हरौ राधा नागरि सोइ ।
जा तन की झाँई परैं स्याम हरित- दुति होइ ॥"

प्रश्न:३ 'भ्रमरगीत' के आधार पर सूरदास के वियोग-वर्णन की विशेषताएँ आलेखित कीजिए । (७)

प्रश्न:४ कविता करके तुलसी न लसै,
कविता लसी या तुलसी की कला । - इस विधान के आधार पर तुलसी की काव्य-कला का मूल्यांकन कीजिए । (७)

प्रश्न:५ क्रान्तिकारी और समाजसुधारक कबीर के दर्शन एवं विचारों को समझाते हुए आज के युग में उनकी क्या प्रासंगिता है, यह स्पष्ट कीजिए । (७)

प्रश्न:६ 'पृथ्वीराज रासो' की प्रबंध-योजना पर प्रकाश डालिए। (७)

प्रश्न:७ पद्माकर के काव्य में आलेखित प्रकृति-चित्रण एवं लोक जीवन के सौंदर्य को उद्घाटित कीजिए । (७)

प्रश्न:८ टिप्पणी लिखिए । (७)

१ बिहारी के काव्य में नीति-चित्रण ।

२ विद्यापति की भाषा-शैली ।

---------------------------------

## डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014

**अभ्यासक्रम:** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाद्यक्रम:** उपन्यास : स्वरुप और विकास **(MHD-13)** Numerical Code : 0229

**तारीख:** **28/07/2014**

**समय:** **3.00 to 4.30**

**सूचना:** १. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक: 35**

२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।

---

प्रश्न:१ 'उपन्यास' के विविध रूपों पर प्रकाश डालते हुए उपन्यास विधा की लोकप्रियता के विषय में चर्चा कीजिए । (७)

प्रश्न:२ विभिन्न भाषाओं में 'उपन्यास' के नामांकरणों की चर्चा करते हुए उपन्यास में यथार्थ की अभिव्यक्ति के विविध पहलुओं को स्पष्ट कीजिए । (७)

प्रश्न:३ उपन्यास में पात्रों का विकास एवं महत्त्व स्पष्ट करते हुए चरित्र-चित्रण की विभन्न पद्धतियों पर प्रकाश डालिए । (७)

प्रश्न:४ फ्रान्सीसी उपन्यास के प्रारंभिक स्वरुप पर प्रकाश डालते हुए यथार्थवादी उपन्यासकार के रूप में बाँल्ज़ाक का मूल्यांकन कीजिए । (७)

प्रश्न:५ प्रथम विश्व युद्ध के प्रभावों का उल्लेख करते हुए बीसवीं सदी के उपन्यास साहित्य की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए । (७)

प्रश्न:६ 'भारतीय उपन्यास आरंभ से ही नारी मुक्ति और सबलीकरण का वाहक बन गया है' । - इस कथन की विविध भाषाओं के उपन्यास साहित्य के संदर्भ में समीक्षा कीजिए । (७)

प्रश्न:७ भारतीय नवजागरण का परिचय देते हुए प्रेमचंद के उपन्यासों पर उसके प्रभाव की चर्चा कीजिए । (७)

प्रश्न:८ हिन्दी के किसान-मजदूर एवं निम्नवर्गीय् जीवन से संबंधित उपन्यासों की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए नागार्जुन, शिवप्रसाद सिंह तथा 'राही मासूम रज़ा' का योगदान समझाइए । (७)

प्रश्न:९ किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए ; (७)

१. बंकिमचंद्र चटर्जी ।

२. अंग्रेजी उपन्यासकार चार्ल्स डिफेन्स ।

३. उपन्यास और आत्मकथा ।

४. हिन्दी उपन्यास में नारी-विमर्श ।

--------------------------------

## डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014

**अभ्यासक्रम** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाठ्यक्रम** हिन्दी उपन्यास- १ : प्रेमचंद का विशेष अध्ययन **(MHD-14)**

**तारीख** **28/07/2014** Numerical Code : 0230

**समय** **4.30 to 06.00**

**सूचना** १. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक 35**

२. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।

---

प्रश्नः१ संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । (०७)

"हमारा साम्राज्य तभी तक अजेय रह सकता है, जब तक प्रजा पर हमारा आतंक छाया रहे, जब तक वह हमें अपना हित चिंतक, अपना रक्षक, अपना आश्रय समझती रहे, जब तक हमारे न्याय पर उसका अट्ल विश्वास हो । जिस दिन प्रजा के दिल से हमारे प्रति विश्वास उठ जाएगा, उसी दिन हमारे साम्रज्य का अंत हो जाएगा ।"

प्रश्नः२ प्रेमचन्द्र के व्यक्तित्व, जीवन दृष्टि एवं साहित्य के विषय में चर्चा कीजिए । (०७)

प्रश्नः३ 'सेवासदन' के आधार पर वेश्या-समस्या एवं विधवा-समस्या के विषय में प्रेमचंद के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए । (०७)

प्रश्नः४ ''सेवासदन' की कथावस्तु एवं शिल्प-संरचना के विषय में चर्चा कीजिए । (०७)

प्रश्नः५ 'एक सशक्त जननायक के रूप में सूरदास की चारित्रिक विशेषताओं को आलेखित कीजिए । (०७)

प्रश्नः६ उपन्यास के तत्त्वों के आधार 'रंगभूमि' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । (०७)

प्रश्नः७ एक सफल सामाजिक समस्याप्रधान उपन्यास के रूप में 'ग़बन' की विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए । (०७)

प्रश्नः८ 'मनोहर तथा बलराज के चरित्र की तुलना कीजिए । (०७)

प्रश्नः९ किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए । (०७)

१) जालपा का आभूषण-प्रेम

२) प्रेमचन्द की जीवन-दृष्टि

३) 'रंगभूमि' में स्वाधीनता आंदोलन

४) 'प्रेमाश्रम' का उद्देश्य ।

४) 'प्रेमाश्रम' में सामाजिक-सांस्कृतिक चित्रण ।

-------------------------------

## डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी
## सत्रांत परीक्षा- जनवरी – 2014

**अभ्यासक्रम** अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

नोंधणी नंबर : ________________

**पाद्यक्रम** हिन्दी उपन्यास-२ **(MHD-15)** Numerical Code : 0231

**तारीख** **30/07/2014**

**समय** **11.00 to 12.30**

**सूचना** १. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **कुल अंक 35**

२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।

---

प्रश्न:१ औपन्यासिक महाकाव्य के रूप में 'झूठासच' का मूल्यांकन कीजिए । (७)

प्रश्न:२ अपने युग की प्रामाणिक अभिव्यक्ति की दृष्टि से 'झूठासच' कहाँ तक सफल है । चर्चा कीजिए । (७)

प्रश्न:३ भाषा-सृजन की दृष्टि से 'ज़िन्दगीनामा' के औचित्य-अनौचित्य को स्पष्ट कीजिए । (७)

प्रश्न:४ शाहजी को क्या 'ज़िन्दगीनामा' उपन्यास का केन्द्रीय चरित्र कहा जा सकता है -चरित्रांकन द्वारा स्पष्ट कीजिए । (७)

प्रश्न:५ 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' के आधार पर धर्मवीर भारती के औपन्यासिक शिल्प पर प्रकाश डालिए । (७)

प्रश्न:६ 'जमुना, लिली और सत्ती जैसी नारी चरित्रों' के माध्यम से भारती ने अपनी नारी विषयक एक निश्चित जीवन दृष्टि का उद्घाटन किया है । इस कथन की समीक्षा कीजिए । (७)

प्रश्न:७ 'रागदरबारी' एक सामान्य चरित्रोपाख्यान है' इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए । (७)

प्रश्न:८ 'रागदरबारी' के संरचना-शिल्प की चर्चा कीजिए । (७)

------------------------------

# डो.बाबासाहेब अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी

## सत्रांत परीक्षा- जुलाई - 2014

**अभ्यासक्रम** *अनुस्नातक पदवी अभ्यासक्रम* **(MHD)** Numerical Code MHD : 0037

*नोंधणी नंबर :* ________________

**पाठ्यक्रम** *भारतीय उपन्यास* **(MHD-16)** Numerical Code : 0232

**तारीख** **30/07/2014**

**समय** **12.30 to 2.00**

**सूचना** *१. किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* **कुल अंक 35**

*२. दाहिनी ओर प्रत्येक प्रश्न के अंक दर्शाये गये हैं ।*

---

प्रश्नः१ 'चेम्मीन' में विशुद्ध रुमानी प्रेम का चित्रण हुआ है सिद्ध कीजिए । (७)

प्रश्नः२ 'चेम्मीन' उपन्यास की कथावस्तु की चर्चा करते हुए उसकी प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । (७)

प्रश्नः३ 'संस्कार' की पात्र- सृष्टि पर प्रकाश डालते हुए नारणप्पा के चारित्रिक विशेषताओं की चर्चा कीजिए । (७)

प्रश्नः४ नव्य आंदोलन का स्वरुप स्पष्ट करते हुए उसमें अनन्तमूर्ति के उपन्यासों का स्थान निर्धारित कीजिए । (७)

प्रश्नः५ 'तन और मन की भूख' के रुप में 'मानवीनी भवाई' की सफलता का निरुपण कीजिए । (७)

प्रश्नः६ 'मानवी नी भवाई' की कथावस्तु लिखते हुए उसकी विशेषताओं को रेखांकित कीजिए । (७)

प्रश्नः७ 'जंगल के दावेदार' तात्कालीन राष्ट्रीय और सामाजिक परिस्थितियों का प्रतिबिंब है – सिद्ध कीजिए । (७)

प्रश्नः८ बांगला उपन्यासों के दिशा परिवर्तन में महाश्वेतादेवी की भूमिका की चर्चा कीजिए । (७)

प्रश्नः९ किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ; (७)

क) परीक्कुट्टि का चरित्र-चित्रण

ख) चन्द्री की चारित्रिक विशेषताएँ

ग) 'मानवी नी भवाई' में मानवी गौरवकथा

घ) 'जंगल के दावेदार' का अमूल्य

------------------------------